an>

Title: Need to provide the facility of helipad in East Delhi parliamentary constituency.

श्री महेश गिरी (पूर्वी दिल्ली) : अध्यक्ष महोदया, दिल्ली के बाकी क्षेत्रों की तरह ही पूर्वी दिल्ली में आवागमन तथा ट्रैफिक संबंधी समस्याएं बहुत ज्यादा हैं तथा पूर्वी दिल्ली और बाकी दिल्ली के बीच यमुना नदी पर स्थित पुल Connecting channels है जो कि bottle neck बन जाते हैं। यदि किसी भी क्षेत्र में कोई प्राकृतिक आपदा हो जाए या कोई आगजनी की घटना हो जाए या किसी भी कारणवश रोड ट्रांसपोर्ट के रूट डिस्टर्ब हो जाएं तो ऐसी घनी आबादी को तो राहत संबंधी सामग्री या मैडिकल सर्विस पहुंचाना सिर्फ एयर ट्रांसपोर्ट के माध्यम से ही संभव है। 50 लाख की आबादी के साथ यह केवल एक दिल्ली का हिस्सा नहीं है, बल्कि किसी अंतर्राष्ट्रीय मानदंड के अनुसार देखें तो यह अपने आप में एक बड़े शहर जितना है। अब यहां एक हवाई अड्डा तो बनाना संभव नहीं है, परन्तु इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए मेरे अनुसार पूर्वी दिल्ली में एक हैलिपैड का होना अति आवश्यक है। हैलीपैड की उपलब्धता से यह सुनिश्चित होगा कि यदि कोई प्राकृति आपदा आती है तो हैलीकाप्टर द्वारा राहत सामग्री आसानी से पहुंचाई जा सके तथा प्रधान मंत्री अथवा राष्ट्रपति जैसे महत्वपूर्ण व्यक्तियों के आवागमन में ना तो आम जनता को ट्रैफिक की समस्या से जूझना पड़े और ना ही इन विशेषाधिकृत व्यक्तियों को। अतः मैं सदन के समक्ष पूर्वी दिल्ली में हैलीपैड निर्माण के लिए निवेदन करता हूं।...(व्यवधान)